# स्नोमैन

रेमंड ब्रिग्स



# स्नोमैन

रेमंड ब्रिग्स




# स्नोमैन



सुबह हो गई थी और जैसे ही उसकी आंखें खुलीं जेम्स
ने देखा कि खिड़की में से चमकदार,
सफेद रोशनी अंदर आ रही थी.



जेम्स को कुछ अंदाज़ था कि वो दिन
उसके लिए एक जादुई दिन होगा ...



बाहर बर्फ पड़ रही थी!




उसने कभी इतनी जल्दी
कपड़े नहीं पहने थे.
नाश्ता भी फटाफट किया!

वो जल्द ही बाहर बर्फ में खेल रहा था. वो पैरों के बड़े
पदचिन्ह बनाने और स्नोबॉल फेंकने में मस्त था.



फिर उसने एक बड़ी स्नोबॉल बनाना शुरू की और
तभी अचानक उसे एक विचार आया.
क्यों न मैं एक ... स्नोमैन बनाऊं!



पहले उसका बड़ा शरीर....



फिर फटाफट दोपहर का भोजन खाया - बहुत जल्दी!





एक बड़ा गोल सिर बनाया.

कोयले की आँखें,
नारंगी की नाक,
एक टोपी और
मफलर बस ...
जेम्स ने अपनी
ऊँगली से स्नोमैन
का मुंह बनाया.
उसका स्नोमैन
अब पूरी तरह
तैयार था.





स्नोमैन मुस्कुरा
रहा था!

जल्द ही रात को बिस्तर पर सोने का समय आया.



लेकिन क्योंकि जेम्स स्नोमैन के बारे में सोच रहा था

इसलिए उसके लिए अभी सोना मुश्किल था.



फिर जेम्स उठकर रात में अकेले बाहर गया.

वो दिन उसके लिए खास रहा था ...

लेकिन यह बिल्कुल जादुई था!

स्नोमैन ने अपनी टोपी उठाई.......



फिर स्नोमैन,

जेम्स के साथ घर चला.



साधारण स्नोमैन कभी घर में नहीं घुसते.
लेकिन यह स्नोमैन सब कुछ देखना चाहता था.







फ्रिज ठंडा था, बिल्कुल स्नोमैन जैसे ही. वो उसे सबसे
अच्छा लगा! ऊपर, मम्मी और पापा गहरी नींद में सोए थे.





स्नोमैन ने सब कुछ देखा,
छुआ, जांचा-परखा,
माँ का इत्र भी,
जिससे उसे एक ... छींक आई!





स्नोमैन ने संगीत की
धुनों पर नृत्य किया



और वो जेम्स के
खिलौनों से खेला.
मम्मी और पापा
तब भी नहीं उठे.

फिर उन्होंने पिताजी की मोटरसाइकिल पर
खेतों और जंगलों की सैर की ...
लेकिन स्नोमैन को ठंडा रहने की जरूरत थी और
मोटरसाइकिल ने उसके पैरों को बहुत गर्म कर दिया था.



इसलिए जेम्स,
स्नोमैन को बड़े
फ्रिज में ले गया
और जल्द ही ...
स्नोमैन के पैर फिर
से ठीक हो गए.



फिर अचानक स्नोमैन ने
मुस्कुराना बंद किया.
वो कुछ सुनने लगा.
वह क्या सुन रहा था?
उसे क्या याद आ रहा था?



फिर वो बर्फ पर चलने लगा.
जेम्स भी उसके साथ भागा.
उसने स्नोमैन का हाथ
पकड़ा और





... फिर ... वे
दोनों हवा में
उड़ने लगे ...



वे बहुत नीचे देख रहे थे... जेम्स ने
कसकर स्नोमैन का हाथ पकड़ा था ...





फिर उन्होंने दुनिया
भर की सैर की.





जब अंत में वे
उतरे, तो
स्नोमैन जेम्स
को एक अंधेरे
जंगल में ले
गया ...



वहां जेम्स ने अपने
जीवन की सबसे
आश्चर्यजनक पार्टी
में हिस्सा लिया...





सभी स्नोमैन
उस पार्टी में शामिल
होने के लिए
आये थे!




वहां पर फादर क्रिसमस भी मौजूद थे! उन्होंने जेम्स को अपने गले लगाया और उसे एक उपहार दिया.



फिर सबने जमकर खाना खाया, और नाचा-गाया.






वो तब तक नाचे ...



जब तक घर जाने का समय नहीं हुआ.

फिर वे उसी रास्ते से वापस आए,

जिस रास्ते से वे गए थे ...



और जल्द ही वे जेम्स के बगीचे में सुरक्षित उतरे.



स्नोमैन उसी जगह खड़ा था


जहां जेम्स ने उसे पहली बार बनाया था.



फिर जेम्स उससे एक

आखिरी बार गले मिला और

फिर वो घर गया ...



उसने

फुसफुसाकर

धन्यवाद

भी कहा.



अगली सुबह सूरज चमका. जेम्स ने बिस्तर में से छलांग लगाई. वो तेज़ी से सीढ़ियों से नीचे उतरा और दरवाजे के बाहर अपने विशेष स्नोमैन को देखने के लिए बाहर दौड़ा.



उसे अपनी आंखों पर विश्वास नहीं हुआ. स्नोमैन पिघलकर बर्फ के ढेर में मिल गया था. बस एक टोपी, मफलर, नारंगी और कोयले के कुछ टुकड़े ही नीचे पड़े थे.

क्या वो कोई सपना देख रहा था?
फिर जेम्स ने अपने ड्रेसिंग गाउन की जेब में से स्नोमैन का स्कार्फ निकाला - जो उसे फादर क्रिसमस ने जादुई रात दिया था.



**समाप्त**